# कार्यालय राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति राँची।

पत्रांक–18/रा0प0म0वि0स0

दिनांक–06.04.2023

## राँची पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा कर्मी रखने हेतु एजेंसी के चयन हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण की सूचना।

दिनांक–06.01.2023 को अध्यक्ष–सह–उपायुक्त, राँची की अध्यक्षता में राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के प्रबंधन समिति की सम्पन्न बैठक की कार्यवाही की कंडिका–4 में लिये गये निर्णय कि पूर्व से कार्यरत ऐजेंसी Jharkhand Intelligence Security services बंद होने के कारण चार सुरक्षा कर्मी (Security Guard) हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित कर न्यूनतम दर वाले ऐजेंसी से सुरक्षा कर्मी का सेवा लिया जाना है एवं सचिव–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, राँची के ज्ञापांक–15/रा0प0म0का0 दिनांक–09.03.2023 के आलोक में राँची पहाड़ी मंदिर एवं परिसर की दिन एवं रात में पूर्ण सुरक्षा करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति निम्नांकित शर्तों पर आमंत्रित की जाती है :–

1. राँची पहाड़ी मंदिर एवं परिसर की दिन एवं रात में पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी सुरक्षा कर्मी की होगी।
2. सरकार का द्वारा निर्धारित नियम अन्तर्गत संबंधित फर्म/संस्था/ऐजेंसी को पसारा लाईसेंस, EPF निबंधन, ESIC निबंधन, सेवाकर निबंधन, श्रम निबंधन, ISO निबंधन एवं Work Performance से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन आदि संगत अभिलेखों की प्रति उक्त निविदा के साथ संलग्न की जाए, जो चयन की प्रक्रिया में सहायक होगा। उक्त संगत अभिलेखो के अभाव में आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकता है।
3. संबधित सुरक्षाकर्मी का आधार कार्ड, परिचय पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी संबंधित फर्म/संस्था/ऐजेंसी की होगी।
4. सुरक्षा फर्म/संस्था/ऐजेंसी से अनुबंध 03 (तीन) वर्षों का होगा। सेवा संतोषजन रहने पर पुनः अवधि विस्तार की जा सकती है। कार्य संतोषजनक नहीं रहने पर बिना किसी पूर्व सूचना के फर्म/संस्था/ऐजेंसी का करार रद्द किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. दो या दो से अधिक फर्म/संस्था/ऐजेंसी के न्यूनतम दर समान होने पर पुराने ऐजेंसी को प्राथमिकता दी जायेगी एवं दो या दो से अधिक फर्म/संस्था/ऐजेंसी का समान वर्ष खुलने की स्थिति में उनके कार्यरत्त सुरक्षाकर्मी की संख्या को प्राथमिकता दी जायेगी।

इच्छुक फर्म/संस्था/ऐजेंसी ''राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति'' के कार्यालय में दिनांक–24.04.203 के अपराह्न 12.15 बजे तक इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) जमा कर सकते हैं, तत्पश्चात् अपराह्न 2.00 बजे इच्छा की अभिव्यक्ति खोला जायेगा।

06/04/2023

कोषाध्यक्ष

राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति, राँची।

Scanned with CamScanner